# उत्तर प्रदेश अग्निशमन सेवा मुख्यालय,

इन्दिरा भवन, चतुर्थ/पंचम तल, अशोक मार्ग, लखनऊ

पत्र संख्याः—एफ0एस0—स्टोर—2013 दिनांकः—दिसम्बर 06 , 2013

## अल्पकालीन निविदा

उत्तर प्रदेश अग्निशमन सेवा मुख्यालय, इन्दिरा भवन, चतुर्थ/पंचम तल के कार्यालय के लिये शेष वित्तीय वर्ष 2013—14 में प्रयोग लेखन सामग्री/जनरल सामग्री/कम्प्यूटर सामग्री के क्रय हेतु मुहरबन्द अल्पकालीन निविदा अधोहस्ताक्षरी व्दारा आमंत्रित की जाती हैं, जिसकी शर्ते निम्नांकित हैं:—

1— अल्पकालीन निविदा निर्धारित प्रारूप में ही प्रेषित किया जायेगा, जिसका प्रारूप कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में रू0 200/— देकर प्रधान लिपिक, उत्तर प्रदेश अग्निशमन सेवा मुख्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

2— ऐसे प्रतिष्ठान जो व्यापार कर विभाग में पंजीकृत हैं, निविदा दे सकते हैं।

3— अल्पकालीन निविदा के साथ अर्नेस्ट मनी के रूप में रू0 2400/— की धनराशि एफ0डी0आर0 अथवा सी0डी0आर0 पुलिस उपमहानिरीक्षक, उत्तर प्रदेश अग्निशमन सेवा मुख्यालय के पद नाम से बन्धक कराकर तुरन्त जमा करना होगा।

4— अल्पकालीन निविदा स्वीकृत हो जाने पर जमानत के रूप में रू0 12,000/— मात्र की धनराशि का एफडीआर अथवा सीडीआर दिनांक 31—3—2014 तक के लिये पुलिस उपमहानिरीक्षक, उत्तर प्रदेश अग्निशमन सेवा मुख्यालय के पदनाम से बन्धक कराकर तुरन्त जमा करना होगा।

5— आपूर्ति आदेश दिये जाने पर 03 दिवस के अन्दर आपूर्ति करना होगी। समय से आपूर्ति न करने पर जमानत धनराशि जब्त कर दी जायेगी तथा अनुबन्ध निरस्त कर दिया जायेगा।

6— किसी भी अल्पकालीन निविदा को बिना कारण बताये स्वीकार या अस्वीकार करने अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त करने के लिये पुलिस उपमहानिरीक्षक, उत्तर प्रदेश अग्निशमन सेवा मुख्यालय, लखनऊ का निर्णय अन्तिम होगा।

7— कोई भी अल्पकालीन निविदा सशर्त मान्य नहीं होगी।

8— किसी भी विवाद के लिये न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।

9— जिस फर्म की दरें अंतिम रूप से स्वीकार होंगी, उस फर्म को स्वयं के खर्चे पर विभाग के नाम रू0 100/— के स्टाम्प पेपर पर अनुबन्ध करना होगा।

10— अल्पकालीन निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि 23—12—2013, मुहरबन्द निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि 24—12—2013 को 12.00 बजे तक तथा मुहरबन्द अल्पकालीन निविदा सायंकाल 16.00 बजे खेली जायेंगी। समस्त निविदादाता निविदा खुलते समय निर्धारित समय पर उपस्थित रहेंगे।

2— स्टेशनरी सूची में अंकित किये गये प्रत्येक आइटम का सैम्पल टेण्डर फार्म के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।

6/12

उपनिदेशक तकनीकी (पी0/ओ0)
उ0प्र0 अग्निशमन सेवा मुख्यालय,
लखनऊ ।